an>

Title: Need to provide financial assistance and put a moratorium on payment of loan by farmers in drought hit states particularly Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) ः झारखण्ड सहित देश के छह राज्य सूखे की चपेट में हैं तथा अन्य 18 राज्यों पर सूखे का संकट मण्डरा रहा है। झारखण्ड के 24 जिलों में से 22 जिलों की स्थिति काफी खराब है। राज्य में सूखे का असर इतना है कि राज्य में इस साल धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। गढ़वा और पलामू में अकाल की स्थित बन गई है। किसानों की हालत भूखे मरने तक पहँच गई है। जिन किसानों ने खेती के लिए कर्जा लिया था, उनके सामने कर्जा चुकाने का संकट आ गया है। किसान अपने हाथ से लगाई फसल को खुद ही उजाड़ रहे हैं। धान की सूखी फसल को जानवर तक खाने को तैयार नहीं है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस स्थिति से निपटने के लिए प्रभावित राज्यों को अविलंब वित्तीय सहायता प्रदान कराई जाए तथा किसानों को दिए गए अल्पकालीन ऋण की अवधि दीर्घकालिक कर ऋण वसूली पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा राज्य आपदा राहत कोष और राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से अधिकाधिक राशि किसानों को उपलब्ध कराई जाए।